बिहार विधान परिषद

(200वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

14 मार्च, 2022

- - - -

[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन].

Total Short Notice Question- 7

- - - -

सड़क का निर्माण

*13 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के कंकड़बाग, R.M.S. Colony होते हुए New Bypass, जगनपुरा चौक तक जाने वाली 80 फीट सड़क 30 फीट में तब्दील होकर जर्जर हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि यह एक महत्वपूर्ण सड़क है जो कंकड़बाग कॉलोनी को जोड़ती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड 'क' में वर्णित सड़क का चौड़ीकरण करते हुए उसका निर्माण कब तक कराना चाहती है?

- - - -

सडक की मरम्मती

*70 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखंड के झौआ राम से कुण्डवा चैनपुर एवं करसहियाँ चौक से कुण्डवा चैनपुर की सड़क की स्थिति जर्जर एवं दयनीय रहने के करण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने की विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

स्वास्थ्य सुविधाओं

*71 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि इस वर्ष बिहार में दूध की बहुत कमी महसूस की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में दुधारू पशुओं में स्वास्थ्य संबंधी रोग जैसे फुट-एंड-माउथ डिजीज (FMD), ब्रुसेलोसिस (Brucellosis) ये दो मुख्य बीमारियां पशुओं को है, तीसरा उनका इंफेक्शन है जिससे कि गर्भाधान में दिक्कत होती है, अगर पशुओं के बेहतर स्वस्थ्य की व्यवस्था हो तो एक अनुमान है कि दूध का उत्पादन 7-8 पर्सेंट बढ़ जाएगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि दुधारू पशुओं की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए उचित कदम उठा रही है?

पथ का निर्माण

*72 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या- 19 मांझी-छपरा-हाजीपुर पथ का निर्माण कार्य वर्षों से बंद है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित पथ की लंबाई 93 किलोमीटर है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण पूरा कराने का विचार रखती है?

मुख्य पथ से जोडना

*73 **श्री संजीव श्यामं सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में ग्राम टोला सम्पर्क योजना अभी तक अधूरी है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में 4643 टोलों को मुख्य पथ से जोड़ने का निर्णय लिया गया था, परन्तु अभी तक मात्र 4000 टोलों को मुख्य सड़क से जोड़ा जा सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र शेष टोलों को मुख्य पथ से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

सामुदायिक स्वच्छता का निर्माण

*74 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत सोनबरसा प्रखंड के बगहा, दुलारपुर, घुरघुरा, जमुनिया मुसहरनिया, लालबन्दी, बड़ी सिंहवाहिनी एवं मधेसरा गांव में मुसहर टोला में 150 घरों से ज्यादा मुसहर परिवारों का वास है;

(ख) क्या यह सही है कि भूमिहीन इन परिवारों के द्वारा अबतक व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण नहीं हो सका है, जिस कारण इन परिवारों के सदस्यगण सड़क किनारे खुले में शौच करते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित मुसहर टोलों में सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

राशि का आवंटन

*75 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मोकामा स्थित लोक निर्माण विभाग के खाली पड़े जमीन भू-

भाग पर अभियंताओं के लिए प्रशिक्षण केन्द्र बनाने की कार्य योजना है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार यह बताएगी कि निर्माण कार्य हेतु कितनी राशि का आवंटन किया गया है तथा पूरी कार्य योजना से सदन को आवगत कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?